**महाजाप** डीएन जैन ग्राउंड में एक साथ महाजाप,चारों ओर गूंजते मंत्रों से वातावरण हुआ भक्तिमय और अलौकिक

# 10 हजार कंठों से गूंजा नवकार मंत्र, जबलपुर बना विश्व शांति का केंद्र



**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर ने एक बार फिर आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया, जब 'विश्व नवकार मंत्र दिवस' के अवसर पर मालवीय चौक स्थित डीएन जैन ग्राउंड में करीब 10 हजार श्रद्धालु एक साथ नवकार मंत्र का जाप करते नजर आए। चारों ओर गूंजते मंत्रों की ध्वनि और अनुशासित श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और अलौकिक बना दिया। यह भव्य आयोजन जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जेईटीओ) जबलपुर चैप्टर के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने लगा था। मंच पर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद जैसे ही नवकार मंत्र का सामूहिक जाप शुरू हुआ, पूरा मैदान एक सुर में गूंज उठा। इस दौरान प्रशांत जैन रानू एवं सिद्धांत जैन की संगीतमय प्रस्तुति ने माहौल को और अधिक भावविभोर कर दिया।

## सामाजिक और धार्मिक संगठनों की भी भागीदारी

इस विशेष आयोजन में जबलपुर के सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह (अनु), विधायक अभिलाष पांडे, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, कांग्रेस सचिव बंटी तिवारी, प्रतिपक्ष नेता अमरीश मिश्रा, पार्षद दानी एवं सिख संगत प्रमुख हरेंद्र सिंह बब्बू विशेष रूप से उपस्थित रहे। सामाजिक और धार्मिक संगठनों की भी प्रभावी भागीदारी देखने को मिली। दिगंबर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाश जैन और श्वेतांबर जैन सभा के अध्यक्ष ज्ञान गोलछा के साथ बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### 6000 स्थानों पर एक साथ हुआ नवकार मंत्र का जाप

कार्यक्रम की खास बात यह रही कि देश-विदेश के 108 जेईटीओ चैप्टर के लगभग 6000 स्थानों पर एक साथ नवकार मंत्र का जाप किया गया, जिससे यह आयोजन वैश्विक स्तर पर जुड़ाव का प्रतीक बन गया। जबलपुर के इस आयोजन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की वर्चुअल उपस्थिति ने इसे राष्ट्रीय महत्व प्रदान किया। जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ा, श्रद्धालुओं के चेहरों पर शांति और संतोष की झलक साफ दिखाई दी। एक साथ हजारों लोगों का एक स्वर में मंत्र जाप करना न केवल आध्यात्मिक अनुभव था, बल्कि यह विश्व शांति, अहिंसा, प्रेम और एकता का सशक्त संदेश भी बनकर उभरा।



# धार्मिक व्यक्ति ही विद्या का अधिकारी होता है : श्रीरामभद्राचार्य

**गौरीघाट आयुर्वेद कॉलेज मैदान में समरसता सेवा संगठन द्वारा श्रीरामकथा का आयोजन**

**नवभारत,जबलपुर।** गौरीघाट आयुर्वेद कॉलेज मैदान में समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित श्रीरामकथा में जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य जी महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि 'रामकृपा महा अमृतांजन है, जो जीवन के समस्त दुखों का नाश करती है।' उन्होंने रामचरितमानस के प्रसंगों को वर्तमान जीवन से जोड़ते हुए श्रोताओं को धर्म, भक्ति और आचरण के महत्वपूर्ण सूत्र प्रदान किए। महाराजश्री ने स्पष्ट कहा कि धार्मिक व्यक्ति ही विद्या का अधिकारी होता है, अधार्मिक को विद्या प्राप्त नहीं हो सकती। उन्होंने विद्या के आठ लक्षण बताते हुए कहा सुनने की इच्छा, ध्यान, ग्रहण, धारण, मनन और अर्थ ज्ञान ये सभी मिलकर विद्या को 'निधि' बनाते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने समस्त विद्या धारण की, फिर भी उनमें अहंकार नहीं था। कार्यक्रम में संत परमहंस स्वामी गिरीशानंद जी महाराज, स्वामी अखिलेश्वरानंद जी, स्वामी बालगोविन्दाचार्य जी महाराज की उपस्थिति रही।

इनका स्वागत डॉ. जितेन्द्र जामदार एवं संदीप जैन ने किया। पादुका पूजन में सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिक, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एम.के. दास, डॉ. राजेश धीरवानी, कैलाश चंद्र जैन, किशोर सिंह लोधी, अजय गुप्ता एवं अनूप खंडेलवाल शामिल हुए। पूजन आचार्य युवराज रामचंद्रदास जी ने राघवदेवाचार्य जी की उपस्थिति में संपन्न कराया।

### विवाह उत्सव में झूमे श्रद्धालु

कथा के दौरान भगवान श्रीराम और माता जानकी के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वाचन हुआ, जिससे पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया। कथा विश्राम पर लेखराज सिंह, डॉ. पवन स्थापक, सुखवीर कोचर, अशोक रंगा, अनिल तिवारी, कपिल द्विवेदी, प्रवेश खेड़ा, विष्णु पटेल एवं संजय भाटिया ने आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रामकथा मीडिया समन्वयक श्रीकांत साहू ने किया।

## एक नजर में



### 380 मरीजों ने लिया नि :शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच का लाभ

**नवभारत,जबलपुर।** अनंत मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित मेगा मल्टी स्पेशियलिटी हेल्थ कैम्प सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 380 मरीजों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच का लाभ उठाया। शिविर में न्यूरोसर्जन डॉ. बी. के. पांसे, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. माणिक पांसे, जनरल सर्जन डॉ. वी. के. तनेजा, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. आर. के. पाठक, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. बृजेश चौधरी, शिशु नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अबोली पांसे, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नचिकेत पांसे, छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. पारिजात पांसे, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र बागरी, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. भाविक चोपड़ा, लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. दीपांशु साहू, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. गरिमा शर्मा एवं डाइटिशियन सरिता गुप्ता ने सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी और एक्स-रे जांच नि:शुल्क की गई, जबकि अन्य जांचों व दवाइयों पर 20% छूट दी गई। आयोजकों ने बताया कि उद्देश्य आमजन को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं देना और जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान सीईओ डॉ. मुकुल नेमा, सीनियर प्रबंधक धर्मेंद्र बैन, एचआर निधि शुक्ला, मार्केटिंग प्रबंधक आशीष दुबे, मीडिया प्रबंधक मो. एहसान मंसूरी, जनसंपर्क अधिकारी देवरथ मुखर्जी, गुणवत्ता प्रबंधक मीनाक्षी मालव, रिसेप्शन प्रबंधक प्रज्ञा रहंगडाले सहित टीम के सदस्य स्वप्निल मेवारी, अमित पटेल, शिशिर मून और मयंक दीक्षित उपस्थित रहे।

### स्वर्ण सरोवर गीतमाला का 25वां आयोजन सम्पन्न

**जबलपुर, नवभारत।** स्वर्ण सरोवर गीतमाला का 25 वां आयोजन दत्त मंदिर में नगर के प्रसिद्ध साहित्यकार राजेश पाठक प्रवीण के मुख्यातिथ् मे सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रवीण दुबे, सीता देवी, डा. पुरुषोत्तम सराफ, सुभाष खरे, महेश मेश्राम, मंजूलता चतुर्वेदी, रूमा बैनर्जी, राजेन्द्र कोरी, एस.के. घोष, रंजना गुप्ता, बालकृष्ण दुबे, किशोर कथूरिया, विजय, किशोर ताम्हने, विजय सोनी, जगतराम शिवहरे, राजा हराले, टिंकू शर्मा, भगवान दास, बृजेश गुप्ता आदि लोगो ने शानदार गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम सराफ एवं राजेश पाठक ने किया।



### मेहरा (डेहरिया) समाज का मिलन समारोह 12 को

**नवभारत,जबलपुर।** 12 अप्रैल 2026 को मेहरा (डेहरिया) समाज समिति, संस्कारधानी, जबलपुर द्वारा विवाह योग्य युवक- युवती एवं सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन मानस भवन (राइट टाउन) जबलपुर में किया जा रहा है। मेहरा (डेहरिया) समाज समिति ने सफल आयोजन के लिए विवाह योग्य युवक-युवती, अभिभावकों एवं सामाजिक जनों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

### ठाकुर प्रवेंद्र चौहान शहर कांग्रेस प्रवक्ता नियुक्त



**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे सृजन संगठन अभियान के तहत मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति उपरांत संगठन प्रभारी संजय कामले जी एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा के द्वारा ठा.प्रवेंद्र चौहान को नगर प्रवक्ता पद पर नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति पर सभी वरिष्ठों एवं साथी कांग्रेसियों द्वारा स्वागत एवं शुभकामनाएं दी गई।

# एनएसयूआई ने लिया प्रदेश को नशामुक्त बनाने का संकल्प

**स्थापना दिवस पर झंडा वंदन के साथ कार्यकर्ताओं ने ली शपथ**



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर में 9 अप्रैल को नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के स्थापना दिवस पर उत्साहपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत झंडा वंदन से हुई, जिसमें कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित, छात्र हित और संगठनात्मक मूल्यों के प्रति निष्ठा व्यक्त की।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने 'नशामुक्त मध्यप्रदेश' के निर्माण का संकल्प लेते हुए सामूहिक शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सचिन रजक ने कहा कि एनएसयूआई युवाओं की आवाज है, जिसकी स्थापना 1971 में इंदिरा गांधी द्वारा की गई थी। उन्होंने नशे को युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा बताते हुए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव करन तामसेतवार सहित अमित मिश्रा, नीलेश माहर, मो. अली, अनुज यादव, वाजिद क़ादरी, अभिषेक दहिया, अभिनव मिश्रा, यश सोनी, काजल, प्रियंका केतवानी, पलक ठाकुर, प्रिया पटेल, वेदांत श्रीवास्तव, जयसूर्या मिश्रा, दीपेश विश्वकर्मा, करन सिंह, पियूष राव, फैजल मंसूरी और वैभव समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए सतत प्रयास करने का संकल्प लिया।

# बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देने के निर्देश

**नवभारत,जबलपुर।** बाल देखभाल संस्थानों के संचालन और निगरानी के लिये किशोर न्याय अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस तिमाही बैठक में बाल देखभाल संस्थानों के बच्चों से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और उनकी सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह ने 'मिशन वात्सल्य' के तहत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिला पंचायत के सीईओ ने शासन की सभी योजनाओं का संबंधित बच्चों को तय समय सीमा के भीतर पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने बाल देखभाल संस्थानों में निवासरत बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच करने की हिदायत भी दी। जिला पंचायत के सीईओ ने बाल संप्रेक्षण गृह में सुरक्षा के लिये होमगार्ड के जवानों की तैनात करने निर्देशित किया। उन्होंने बाल सुधार केंद्रों के बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण देने तथा साइबर अपराध से बचाव की ट्रेनिंग प्रदान करने के निर्देश भी बैठक में दिये।



# आदिवासी साहित्य हमें संतुलित जीवन जीने की शिक्षा देता है

**नवभारत, जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकौशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर द्वारा 'भारतीय ज्ञान परंपरा में आदिवासी साहित्य का महत्व' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यवक्ता डॉ. लीला भलावी, पूर्व कुलगुरु ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में वेद, उपनिषद्, दर्शन के साथ-साथ लोक एवं आदिवासी परंपराओं का महत्वपूर्ण योगदान है। आदिवासी साहित्य हमें प्रकृति के साथ संतुलित जीवन जीने की शिक्षा देता है। आदिवासी साहित्य मुख्यत: मौखिक परंपरा पर आधारित है। इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी, डॉ. ज्योति जुनगरे, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. तरुणेन्द्र साकेत के साथ लगभग 58 विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# जीआरपी जबलपुर ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, हासिल की ट्राफी

**जीआरपी जबलपुर ने जीती ट्रॉफी**



**नवभारत,जबलपुर ।** गत दिवस उप पुलिस महानिरीक्षक रेल जबलपुर सिमाला प्रसाद के द्वारा वार्षिक सम्मेलन समारोह पुलिस लाईन जबलपुर मे आयोजित किया गया था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे कमान्डेन्ट रेल सुरक्षा बल जबलपुर मुन्नवर खान उपस्थित रहे। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भावना मरावी, उप पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर अंकिता सुल्या, थाना प्रभारी रेल जबलपुर संजीवनी राजपूत एवं समस्त पुलिस स्टाफ की मौजूदगी रही। इस दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत 07 अप्रैल से हुई थी एवं 08 अप्रैल को रेल पुलिस इकाई जबलपुर के समस्त थानों एवं मुख्यालय के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा डांस, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगितायों मे भाग लिया गया। इस प्रतियोगिता में थाना जीआरपी जबलपुर की टीम को थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत के द्वारा नेतृत्व किया गया जिनके नेतृत्व मे खेलकूद एंव सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे विभिन्न खेलो मे पुरस्कार के साथ साथ ओवर ऑल चैम्पियन का खिताब प्राप्त हुआ। टीम को उप पुलिस महानिरीक्षक रेल जबलपुर सिमाला प्रसाद एवं कमान्डेन्ट महोदय रेल सुरक्षा बल जबलपुर मुन्नवर खान द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई ।

### इनकी रही भागीदारी

प्रतियोगिता में थाना जीआरपी जबलपुर की टीम से संजीवनी राजपूत, जे.एस. धुर्वे नरेश कुमार, प्रधान आरक्षक सतेन्द्र सिंह, अरूण तिवारी, मनोज मिश्रा, अनुराग तिवारी, हर्ष स्वरूप आरक्षक रविकांत, ओमप्रकाश, परशुराम, पुष्पेन्द्र, बचन, हेमन्त, अमरलाल, संजय, दीपक, राजा, अमित, राजकुमार, अमित, स्नेह, प्रमोद, अनिल, गुरजीत, लक्ष्मी, ज्योति, आकृति, शकुन्तला, काजल, अंजली के द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्श किया गया।

**बैठक** जिला पंचायत के सीईओ ने ली वीसी से अधिकारियों की बैठक

# डॉ . अम्बेडकर जयंती पर आयोजित होंगे हितग्राही सम्मेलन



**नवभारत,जबलपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों में 10 से 14 अप्रैल तक हितग्राही सम्?मेलन आयोजित किये जायेंगे। हितग्राही सम्?मेलनों के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत ने गुरूवार को वीसी के माध्यम से जिले में पदस्थ सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। सीईओ ने बैठक में अधिकारियों को राज्य शासन के निर्देशानुसार हितग्राही सम्मेलनों का आयोजन करने तथा इनमें जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। हितग्राही सम्मेलनों में डॉ. अम्बेडकर के जीवन विचारों और देश एवं लोकतंत्र के लिए उनके योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी महती भूमिका पर प्रकाश डाला जायेगा, शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को आमंत्रित किया जायेगा तथा योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

### इन स्थानों पर होंगे आयोजन

वीसी में बताया गया कि संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में पनागर एवं जबलपुर विकासखंड मुख्यालयों पर 10 अप्रैल को, पाटन, मझौली, सिहोरा एवं शहपुरा विकासखंड मुख्यालयों पर 13 अप्रैल को तथा कुंडम विकासखंड मुख्यालय में 14 अप्रैल को हितग्राही सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। जिला स्तरीय यह हितग्राही सम्मेलन डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को जिला मुख्यालय जबलपुर में भंवरताल उद्यन के समीप स्थित संस्कृति थियेटर में आयोजित किया जायेगा।



# बंदियों ने सुदर्शन क्रिया से सीखी तनाव मुक्ति की बारीकियां

**'आर्ट ऑफ लिविंग' संस्था के सहयोग से चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन**

**नवभारत,जबलपुर।** केन्द्रीय जेल जबलपुर में बंदियों के मानसिक और शारीरिक उत्थान के उद्देश्य से 'आर्ट ऑफ लिविंग' संस्था के सहयोग से चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर के मार्गदर्शन में 6 अप्रैल से 9 अप्रैल तक चले इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों ने बंदियों को तनाव, क्रोध और अवसाद से मुक्त होकर एक सकारात्मक जीवन जीने के व्यावहारिक गुर सिखाए गये। प्रशिक्षण में बंदियों को जीवन के सात स्तरों-शरीर, श्वास, मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार और आत्मा के प्रति सजग रहने का महत्व बताया गया तथा सुदर्शन क्रिया, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य बंदियों के भीतर आत्म-सम्मान और आत्म-संतुष्टि की भावना जागृत करना था, ताकि वे कारागार से बाहर निकलने के बाद समाज की मुख्यधारा में एक बेहतर इंसान के रूप में जुड़ सकें। प्रशिक्षकों ने ओरा ध्यान और ज्ञानवार्ता के माध्यम से बताया कि कैसे मन की एकाग्रता बढ़ाकर मानसिक प्रसन्नता और वैचारिक स्पष्टता प्राप्त की जा सकती है। शिविर के समापन पर रेखांकित किया गया कि नियमित योगाभ्यास और ध्यान न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को उन्नत बनाता है, बल्कि कठिन परिस्थितियों में भी मन को शांत रखने की शक्ति प्रदान करता है।